Holding up of large consignments of Basmati rice at US Ports

1036. SHRI KAMAL MORARKA:

SHRI YASHWANT SINHA:

Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that large consignments of Basmati rice are at present held up at US ports as importers have refused to take delivery on the ground of inferior quality;

(b) if so, what action has been taken in this regard; and

(c) what is the outcome thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. R. DAS MUNSHI): (a) to (c) Information was received from our Embassy in Washington about the detention of certain consignments at U.S. ports on account of presence of rodentlinsectlbird filth in the basmati rice. Action has been taken onmodify the relevant rules, governing preshipment inspection of basmati rice to conform to the quality standards of importers.

बिहार में बोरिंग पम्प सेटों में घोटाला

1037. **श्री ईश दत्त यादव :** : क्या वित्त मंत्री 25 मार्च, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 3246 के दिये गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "नाबार्ड" द्वारा बोरिंग पम्पसेटों के मामले में किए गए घोटाले की जांच की गई थी और कि जांच प्रतिवेदन 11 अप्रैल, 1986 को बैंकिंग प्रभाग को सौंप दिया गया था, यदि हां, तो उस जांच प्रतिवेदन को ध्यान में रखते हुए अब तक क्या कार्यवाही की गई है और जिन दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही आरम्भ की गई है, उनके नाम और पते क्या-क्या हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि इस प्रकार का घोटाला पूरे बिहार राज्य में किया गया था, परंतु इस सिलसिले में मात्र नमूने के तौर पर जांच केवल दरभंगा जिला में ही कराई गई थी ; यदि हां, तो पूरे बिहार राज्य में जांच न कराये जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार दरभंगा जिले के मामले में लगाये गये आरोपों के आधार पर ऐसी कोई जांच कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) बिहार के प्रत्येक जिले में बोरिंग पम्पसेटों के घोटाले के मामले में पकड़े गये व्यक्तियों के नाम, और पते क्या-क्या हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) बिहार के दरभंगा जिले में पम्पसेटों तथा बोरिंग उपस्करों की आपूर्ति में अनियमितताओं के संबंध में विभिन्न प्रकार के आरोप लगाए गए थे । राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा कथित अनियमितताओं की जांच की गई थी । राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक की रिपोर्ट में बिहार सहकारी भूमि विकास बैंक द्वारा की गई बहुत सी अनियमितताएं बताई गई हैं । बिहार राज्य सरकार को जिसके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन बिहार सहकारी भूमि विकास बैंक आता हैं, इस मामले में उपयुक्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था । चूंकि सरकार को प्राप्त शिकायतें दरभंग जिले से संबंधित थीं, अत: जांच के क्षेत्र को उस जिले तक ही सीमित रखा गया था ।

(ग) और (घ) केन्द्रीय सरकार का फिलहाल राज्य के अन्य जिलों में इसी प्रकार की जांच करने का कोई विचार नहीं है । अलबत्ता, जब कभी स्थानीय तौर पर व्यक्तिगत शिकायतें/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं तब उन्हें अपेक्षित सुधारात्मक कार्रवाई के वास्ते संबंधित प्राधिकारियों के पास भेज दिया जाता है । शिकायतकर्ता की शिकायत को दूर करने के लिए प्राप्त शिकायतों पर बैंकों द्वारा भी उपचारात्मक कार्रवाई की जाती है ।